वेब परिचालन

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

**संख्या:** हि.अनु/हि.शि.यो./संगठन/2017/वॉल-III/ 1345 **दिनांक:** 30.04.2025

सेवा में,

सभी अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्या.) / निदेशक, पीडीनास,
अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (प्र.से.प्र.), मुख्यालय,
अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (अंचल),
सभी क्षेत्रीय कार्यालयों / आंचलिक प्रशिक्षण संस्थानों के
प्रभारी क्षेत्रीय भ. नि. आयुक्त ।

**विषय: संघ सरकार के कार्यालयों/संगठनों में कार्यरत राजभाषा अधिकारियों/अनुवादकों तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े कार्मिकों के लिए केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 की अवधि में आयोजित किए जाने वाले अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकन के संबंध में ।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन सं.51-14/2016-प्रशि./25 दिनांक: 19.03.2025 की प्रति (संलग्न) आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाती है।

आपसे अनुरोध है कि अपने कार्यालय / अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों सहित अब तक अप्रशिक्षित कनिष्ठ/वरिष्ठ अनुवाद अधिकारियों, सहायक निदेशक (रा.भा.) को अपनी सुविधानुसार अनुवाद प्रशिक्षण के लिए नामित कर प्रशिक्षण दिलवाएं ।

कृपया कृत कार्रवाई से मुख्यालय को भी अवगत कराएं ।

भवदीया,

संलग्न: यथोपरि ।

**(वीणा रानी यादव)**
**निदेशक (राजभाषा)**

प्रतिलिपि:

क्षे.भ.नि.आ. (एन.डी.सी.) को वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।

भारत सरकार

Government of India

केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

CENTRAL TRANSLATION BUREAU

राजभाषा विभागः गृह मंत्रालय

Department of Official Language: Ministry of Home Affairs

पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, 8वां तल, बी-ब्लॉक,

Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, 8th Floor, B-Block,

केंद्रीय कार्यालय परिसर, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

C.G.O. Complex, Lodi Road, New Delhi-110003

दिनांकः 19.03.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषयः-** संघ सरकार के कार्यालयों/संगठनों में कार्यरत राजभाषा अधिकारियों/अनुवादकों तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े कार्मिकों के लिए केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 की अवधि में आयोजित किए जाने वाले अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकन के संबंध में।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिनांक 27 अप्रैल, 2016 के का0 ज्ञा0 सं0 13011/52/2014-रा.भा. (केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो) के अनुसार केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नलिखित उद्देश्यों और समयावधि के अनुसार आयोजित किए जाएंगेः-

**उद्देश्यः-** ब्यूरो द्वारा संचालित अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य राजभाषा हिंदी का अभीष्टतम प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए अनुवाद में प्रयुक्त नवीनतम संकल्पनाओं, तकनीकों और विभिन्न विषयों की पारिभाषिक शब्दावलियों के प्रयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, राजभाषा हिंदी व अनुवाद कार्य में कंप्यूटर के प्रयोग और उपलब्ध यांत्रिक सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना तथा शब्दावली के प्रयोग में एकरूपता सुनिश्चित करना भी इन कार्यक्रमों का उद्देश्य है। उक्त प्रशिक्षण में केंद्र सरकार के कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुवाद और राजभाषा हिंदी के प्रयोग के संबंध में विशद जानकारी प्रदान की जाती है। ये सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकारी कार्मिकों में अनुवाद कौशल के विकास के लिए अनिवार्य हैं।

जारी ...2/

**अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है:-**

| क्र सं | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | पात्रता | कार्यक्रम की कुल अवधि/ न्यूनतम प्रशिक्षार्थी संख्या | कार्यक्रम का समय विवरण | कार्यक्रम की कुल संख्या/ कुल प्रशिक्षार्थी संख्या | कार्यक्रम का स्थान | परीक्षा एवं प्रमाणपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **प्रारंभिक अनुवाद प्रशिक्षण (अनिवार्य)** (Induction Translation Training ) (Compulsory) | हिंदी अनुवादकों, हिंदी सहायकों तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े अन्य कार्मिकों के लिए अनिवार्य | 06 सप्ताह/ 30 कार्यदिवस, 25 प्रशिक्षार्थी | अप्रैल-जून, 2025 जुलाई-सितंबर,2025 अक्तूबर-दिसंबर, 25 जनवरी-मार्च, 2026 | 04 कार्यक्रम(मु) X 04 (केंद्र)=16 कार्यक्रम<br><br>16 X 25 = 400 प्रशिक्षार्थी | ब्यूरो मुख्यालय, नई दिल्ली तथा अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र मुंबई, बेंगलूरु और कोलकाता | प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम सप्ताह में परीक्षा तथा सत्र के अंत में प्रमाणपत्र एवं पदक वितरण |
| 2. | **अधिकारियों के लिए उच्चस्तरीय अनुवाद प्रशिक्षण** (Advanced Translation Training for Officers) | सरकारी कार्यालयों/ सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों/ बैंकों आदि के राजभाषा अधिकारियों/ हिंदी अधिकारियों तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारियों के लिए। | 05 कार्यदिवस, 25 प्रशिक्षार्थी | अप्रैल-जुलाई, 2025 अगस्त-नवंबर,2025 दिसंबर,25-मार्च,26 | 03 कार्यक्रम<br>03 X 25 = 75 प्रशिक्षार्थी | ब्यूरो मुख्यालय, नई दिल्ली । | प्रशिक्षण के समापन पर प्रमाणपत्र वितरण । |
| 3. | **पुनश्चर्या अनुवाद प्रशिक्षण** (Refresher Translation Training) | हिंदी अनुवादक, हिंदी सहायक तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े वे सभी कर्मचारी, (उनके पदनाम चाहे जो भी हों) जिन्होंने पहले त्रैमासिक अनुवाद प्रशिक्षण/ प्रारंभिक अनुवाद प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। | 05 कार्यदिवस, 25 प्रशिक्षार्थी | अप्रैल-सितंबर, 2025 अक्तूबर,25 -मार्च,26 | 02 कार्यक्रम X 04 (केंद्र) = 08<br><br>08 X 25 = 200 प्रशिक्षार्थी | ब्यूरो मुख्यालय, नई दिल्ली तथा अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र मुंबई, बेंगलूरु और कोलकाता । | प्रशिक्षण के समापन पर प्रमाणपत्र वितरण । |
| 4. | **संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण (आउटरीच)** (Short-term Translation Training) (Out-reach) | कार्यालयों/ संगठनों आदि में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन से जुड़े कार्मिकों के लिए। | 05 कार्यदिवस, 25 प्रशिक्षार्थी | मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष 10 कार्यक्रम तथा प्रत्येक केंद्र द्वारा प्रति छमाही 01 कार्यक्रम | 16 कार्यक्रम X 25 प्रशिक्षार्थी = 400 प्रशिक्षार्थी | किसी भी कार्यालय/ संगठन/ नराकास की मांग पर भारत में कहीं भी। | प्रशिक्षण के समापन पर प्रमाणपत्र वितरण । |
| 5. | **विशेष तकनीकी अनुवाद प्रशिक्षण** (Special Technical Translation Training) | वैज्ञानिकों, तकनीकविदों, इंजीनियरों एवं अन्य विशेषज्ञ अधिकारियों के लिए | 05 कार्यदिवस, 25 प्रशिक्षार्थी | प्रत्येक केंद्र द्वारा वर्ष में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम | 04 कार्यक्रम<br>04 X 25 = 100 प्रशिक्षार्थी | ब्यूरो मुख्यालय, नई दिल्ली,तथा अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र मुंबई, बेंगलूरु और कोलकाता द्वारा कार्यालयों/ संगठनों/उपक्रमों एवं नराकास की मांग पर भारत में कहीं भी। | प्रशिक्षण के समापन पर प्रमाणपत्र वितरण |

जारी ....3/-

1. **<u>प्रारंभिक अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम(अनिवार्य)/ (Induction Translation Training Programme (Compulsory)</u>**

**(i)** यह कार्यक्रम भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, उद्‌यमों, निगमों, कंपनियों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, स्वायत्त निकायों आदि में कार्यरत हिंदी अधिकारियों, हिंदी अनुवादकों, हिंदी सहायकों तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े अन्य सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए <u>सेवाकालीन अनिवार्य अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम</u> है। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए ऐसे सभी अधिकारी-कर्मचारी पात्र होंगे, जिन्होंने स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी विषय पढ़े हों।

(ii) इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्यूरो के संकाय सदस्यों के अलावा, विभिन्न तकनीकी विषयों जैसे - भाषाविज्ञान, कोश-कला, आई0 टी0, इंजीनियरी, वित्त, लेखा, चिकित्सा, विधि आदि के अधिकतम 12 विशेषज्ञों के अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे।

(iii) प्रारंभिक अनुवाद प्रशिक्षण (30 कार्यदिवसीय) के अंत में प्रशिक्षार्थियों की 100 अंकों की परीक्षा होगी। 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को "**उत्कृष्ट**" श्रेणी में रखा जाएगा। परीक्षा में 03 सर्वोत्कृष्ट प्रशिक्षार्थियों (न्यूनतम 75 प्रतिशत और इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों) को क्रमशः **स्वर्ण, रजत और कांस्य** पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षार्थियों को 60 से 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर "**बहुत अच्छा**" और 40 से 59 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर "**अच्छा**" की श्रेणी में वर्गीकृत कर तदनुसार प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। 40 से कम अंक प्राप्त करने पर "**प्रशिक्षण प्राप्त किया**" आशय का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

2. **<u>उच्चस्तरीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमः</u>**

**इस कार्यक्रम में सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों/बैंकों आदि के राजभाषा अधिकारी/हिंदी अधिकारी तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारी भाग ले सकेंगे।** यह उच्चस्तरीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेषज्ञ अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ब्यूरो के निदेशक और संयुक्त निदेशक भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

3. **<u>पुनश्चर्या अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>**

**इस कार्यक्रम में वे हिंदी अनुवादक/हिंदी सहायक तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े कर्मचारी (उनके पदनाम चाहे जो भी हों) भाग ले सकेंगे, जिन्होंने पूर्व में संचालित त्रैमासिक अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम/ प्रारंभिक अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया है।** यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेषज्ञ अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्यूरो के निदेशक और संयुक्त निदेशक भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

जारी ....4/-

4. **<u>संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>**

इस कार्यक्रम का आयोजन अलग-अलग कार्यालयों अथवा नराकास की मांग पर, उनके कार्यालयों में जाकर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कार्यालयों/संगठनों के अनुवाद कार्य अथवा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी भाग ले सकेंगे। इस कार्यक्रम में ब्यूरो के दो संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

5. **<u>विशेष तकनीकी अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>**

यह कार्यक्रम वैज्ञानिकों, तकनीकविदों, इंजीनियरों तथा अन्य विशेषज्ञ अधिकारियों के लिए होगा। "विशेष तकनीकी अनुवाद प्रशिक्षण" कार्यक्रम विशेषज्ञ विद्वानों के सहयोग और अतिथि वक्ताओं के द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम संगठन विशेष के लिए होगा। इसमें संबंधित संगठन के सेवारत अथवा अवकाश प्राप्त विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिन्हें मानदेय का भुगतान किया जाएगा। ब्यूरो के अधिकारी इन कार्यक्रमों का समन्वय करेंगे।

6. **ब्यूरो के अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए उपर्युक्त व्यवस्था के अतिरिक्त निम्नलिखित व्यवस्था भी लागू होगीः**

i. प्रत्येक प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की संख्या 25-30 रखी जाएगी, जिससे कि विषय के प्रतिपादन तथा व्यावहरिक अभ्यास के समय सभी प्रशिक्षार्थियों पर समुचित ध्यान दिया जा सके।

ii. प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के निर्धारित पाठ्य-विषय के अनुसार ही अध्यापन/प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

iii. सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विषयवस्तु का प्रतिपादन उदाहरण-आधारित होगा तथा तत्संबंधी अनुवाद-अभ्यास पर बल दिया जाएगा।

iv. सभी अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में तकनीक-आधारित अनुवाद-कौशल-संवर्धन को प्राथमिकता दी जाएगी।

v. ब्यूरो के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कौशल के विकास के लिए प्रति वर्ष अतिथि संकाय (guest faculty) के व्याख्यानों के द्वारा एक सप्ताह का 'प्रशिक्षक-प्रशिक्षण' (Trainers' Training) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अतिथि संकाय के व्याख्यानों द्वारा आयोजित किया जाएगा।

7. ये प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों आदि में अनुवाद तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अनिवार्य हैं।

जारी ....5/-

8. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के तारीख 18.11.87 के का0 ज्ञा0 सं0 13017/6/87-रा.भा.(ग) में यह स्पष्ट किया गया है कि केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा चलाए जा रहे अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों आदि में अनुवाद तथा राजभाषा के कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया जाए, चाहे उनके पदनाम कुछ भी क्यों न हों।

9. **ये कार्यक्रम निःशुल्क हैं और केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो (मुख्यालय) नई दिल्ली तथा ब्यूरो के मुंबई, बेंगलूरु और कोलकाता स्थित केंद्रों के द्वारा आयोजित किए जाएंगे।**

**संपर्क सूत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्तरी क्षेत्र | निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो,<br>पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, 8वां तल, बी-ब्लॉक, केंद्रीय कार्यालय परिसर, लोदी रोड, नई दिल्ली-03<br>दूरभाषः 011-24362020, 24362151, 24362988, 24361734<br>ई-मेल- 1. dirctb-dol@nic.in 2. jdctb-dol@nic.in<br>3. adtrainingctbdelhi@gmail.com | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो का छात्रावास, क्वार्टर नं. 876 से 890, सेक्टर-7, पुष्प विहार (पुष्पा भवन के पास), नई दिल्ली-110017 मोबाईल नं. 9968315384 |
| 2. | पश्चिमी क्षेत्र | संयुक्त निदेशक/केंद्र प्रभारी<br>केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र,<br>केंद्रीय सदन, छठी मंजिल, सी.बी.डी. बेलापुर,<br>नवी मुंबई-40614<br>दूरभाष/फैक्सः 022-27572726<br>ई-मेलः admumctb-dol@nic.in | छात्रावास उपलब्ध नहीं है। |
| 3. | दक्षिणी क्षेत्र | संयुक्त निदेशक/केंद्र प्रभारी<br>केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, केंद्रीय सदन, पांचवां तल,<br>'डी' विंग, कोरमंगला, बेंगलूरु - 560034<br>दूरभाषः 080-25502162, 25531946<br>ई-मेलः 1. jdctb-bangalore@gmail.com<br>2. adbangctb-dol@nic.in | ब्लॉक सं. 01 से 05, कोरमंगला, जीपीआरए क्वार्टर्स, कोरमंगला, बेंगलूरु-560034 |
| 4. | पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्र | संयुक्त निदेशक/केंद्र प्रभारी<br>केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, अनुवाद प्रशिक्षण केंद्र, कोलकाता<br>राजभाषा विभाग, 18वां तल, गृह मंत्रालय, निजाम पैलेस,<br>आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड, कोलकाता-700020<br>दूरभाषः 033-29730357<br>ई-मेलः1. ctbkolakumarsw@gmail.com | छात्रावास उपलब्ध नहीं है। |

जारी ....6/-

केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी यथा वार्षिक कैलेंडर, पात्रता, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विषयवस्तु आदि ब्यूरो/राजभाषा विभाग की वेबसाइट (http://ctb.rajbhasha.gov.in) पर देखी जा सकती है।

अतः भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों और कार्यालयों आदि से अनुरोध है कि वे अपने कार्यालय के साथ-साथ अपने अधीनस्थ कार्यालयों के ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों को, जिनसे अनुवाद कार्य या सरकारी कार्य द्विभाषिक रूप में (हिंदी और अंग्रेजी भाषा में) करने की अपेक्षा की जाती है, संलग्न कैलेंडर के अनुसार उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेजने की कृपा करें। अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण संलग्न नामांकन प्रपत्र में भरकर केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के मुख्यालय, नई दिल्ली तथा ब्यूरो के मुंबई, बेंगलूरु और कोलकाता स्थित अनुवाद प्रशिक्षण केंद्रों को भेजें, ताकि उनका पंजीकरण किया जा सके और बारी-बारी से उन्हें प्रशिक्षण के लिए बुलाया जा सके।

**अनुलग्नकः नामांकन प्रपत्र**

(ले0 कर्नल रामनरेश शर्मा)
निदेशक
फोन/फैक्स - 011-24362025

**प्रतिलिपिः-**

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/बैंक/वित्तीय संस्थान और नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय।

## अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकन के लिए प्रपत्र

क्रमांक : ................................................................ (ब्यूरो द्वारा)

अभ्यर्थी का नाम (व्यक्तिगत फोन नं. तथा ई-मेल पता) : ................................................................
................................................................
................................................................
................................................................
................................................................

कार्यालय का पता : ................................................................
................................................................
................................................................
फोन नं0 ............................ फैक्स नं0 ........................
ई-मेल ................................................................

पदनाम : ................................................................

शैक्षिक योग्यता : ................................................................

स्नातक परीक्षा के विषय* : ................................................................
................................................................
................................................................

वेतनमान : ................................................................

अभ्युक्ति : ................................................................

**(सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर)**

**नाम :**

**पदनाम :**

---

- कृपया उल्लेख करें कि हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य विषय के रूप में या ऐच्छिक विषय के रूप में रहे हैं।

फा.सं. 51-14/2016/प्रशि./25

**केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो**

**राजभाषा विभाग: गृह मंत्रालय**

**नई दिल्ली**

-0-

**केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा वर्ष 2025-2026 में आयोजित किए जाने वाले अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कैलेंडर ( http://ctb.rajbhasha.gov.in)**

| क्र सं. | कार्यक्रम का नाम | लक्ष्य | प्रशिक्षण कार्यक्रम की समयावधि | परीक्षा की तारीख | प्रशिक्षण केंद्र/आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रारंभिक अनुवाद प्रशिक्षण (अनिवार्य) (30 कार्य दिवसीय) | 04 कार्यक्रम मुख्यालय<br>04 कार्यक्रम प्रत्येक केंद्र<br>कुल कार्यक्रम 16<br>16X25 प्रशिक्षार्थी = 400 प्रशिक्षार्थी | **पहली तिमाही**<br>दिनांक 05.05.2025 से 16.06.2025 तक<br>**दूसरी तिमाही**<br>दिनांक 07.07.2025 से 18.08.2025 तक<br>**तीसरी तिमाही**<br>दिनांक 10.11.2025 से 19.12.2025 तक<br>**चौथी तिमाही**<br>दिनांक 12.01.2026 से 23.02.2026 तक | सत्र समाप्त होने से दो दिन पहले | 1. नई दिल्ली(मु.)<br>2. मुंबई<br>3. बेंगलूरु<br>4. कोलकाता |
| 2. | उच्चस्तरीय अनुवाद प्रशिक्षण (05 कार्य दिवस) | 03 कार्यक्रम मुख्यालय<br>03X25 प्रशिक्षार्थी = 75 प्रशिक्षार्थी | 23.06.2025 से 27.06.2025<br>06.10.2025 से 10.10.2025<br>23.02.2026 से 27.02.2026 | कोई परीक्षा नहीं | नई दिल्ली (मु.) |
| 3. | पुनश्चर्या अनुवाद प्रशिक्षण (05 कार्य दिवस) | 02 कार्यक्रम मुख्यालय<br>02 कार्यक्रम प्रत्येक केंद्र<br>कुल कार्यक्रम =08 ,<br>08X25प्रशिक्षार्थी= 200 प्रशिक्षार्थी | 25.08.2025 से 29.08.2025<br>05.01.2026 से 09.01.2026 | कोई परीक्षा नहीं | 1. नई दिल्ली(मु.)<br>2. मुंबई<br>3. बेंगलूरु<br>4. कोलकाता |
| 4. | 5 दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण (आउटरीच) | 10 कार्यक्रम मुख्यालय<br>02 कार्यक्रम प्रत्येक केंद्र<br>कुल कार्यक्रम =16<br>16X25 प्रशिक्षार्थी = 400 प्रशिक्षार्थी | 04 कार्यक्रम प्रति तिमाही | कोई परीक्षा नहीं | किसी भी कार्यालय / संगठन / नराकास की मांग पर भारत में कहीं भी । |
| 5. | विशेष तकनीकी अनुवाद प्रशिक्षण (05 कार्य दिवस) (इनहाउस/ आउटरीच) | 01 कार्यक्रम मुख्यालय<br>01 कार्यक्रम प्रत्येक केंद्र<br>कुल कार्यक्रम =04,<br>04X25 प्रशिक्षार्थी = 100 प्रशिक्षार्थी | प्रत्येक केंद्र द्वारा वर्ष में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम | कोई परीक्षा नहीं | किसी भी कार्यालय / संगठन / नराकास की मांग पर भारत में कहीं भी । |

रामचंद्र शर्मा